प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री कल जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के तहत दो करोड़ नये घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे, झारखंड के लगभग बीस हजार लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र का करेंगे वितरण।
- श्री मोदी जमशेदपुर से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखायेंगे हरी झंडी, जनसभा और रोड शो भी करेंगे, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज करेंगे तैयारियों की समीक्षा।
- 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को अदालत ने किया अस्वीकार, दोबारा जांच का दिया आदेश।
- झारखंड हाईकोर्ट ने अदालती निर्देश के बाद भी राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर सरकार और चुनाव आयोग से एक हफ्ते में मांगा जवाब।
- झारखंड का प्रकृति पर्व करमा आज, दिखेगी पारंपरिक संस्कृति की झलक।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर में झारखंड के एक लाख तेरह हजार से अधिक लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। नयी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में लगभग बीस हजार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। इसके अलावा 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सिंगल क्लिक के जरिए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 46,000 लाभार्थियों के नवनिर्मित घरों का गृह प्रवेश समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने झारखंड में पीएम आवास योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में एक लाख तेरह हजार आवासों में से राज्य सरकार ने अब तक मात्र 20 हजार आवास का निर्माण ही पूरा कराया है।

*********************

श्री मोदी कल झारखण्ड के जमशेदपुर में छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन एक्सप्रेस रेलगाडियों को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर समारोह के दौरान रवाना किया जाएगा। इसके अलावा, झारखण्ड में कई रेल परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वंदे भारत रेलगाडियों को रवाना करने से जुडे कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज शाम टाटानगर रेलवे स्टेशन का दौरा करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री जमशेदपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। सभा से पहले, प्रधानमंत्री वोल्टास गोलचक्कर से गोपाल मैदान तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा रोड–शो भी करेंगे।

*********************

गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार पर लोक लुभावन योजनाओं के जरिये जनता को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता का विश्वास खो दिया है।

*********************

34वें राष्ट्रीय खेल घोटाला की जांच से संबंधित सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई की विशेष अदालत ने अस्वीकार कर दिया है। साथ ही मामले की दोबारा जांच का आदेश दिया है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने अदालत में प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की थी। उस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद यह आदेश दिया था।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने अदालती निर्देश के बाद भी राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर सरकार और चुनाव आयोग से एक हफ्ते में जवाब मांगा है। एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आनंद सेन की अदालत ने यह निर्देश दिये। सुनवाई के दौरान सरकार और चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद रिक्त रहने के कारण चुनाव नहीं कराया जा सका है। इस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति नहीं होना भी अवमानना का मामला है। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

*********************

झारखंड का प्रकृति पर्व करमा आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जायेगा। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। रांची और आसपास स्थित अखरा में पूजा–अर्चना की जायेगी। इसके लिए अखरा की विशेष सजावट की गयी है। इस दौरान करम की डाली की पूजा होगी और कुंवारी बहनें अपने भाई की सुख–समृद्धि के लिए उपवास रखेंगी।

*********************

हिन्दी दिवस आज देशभर में मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड़ से अधिक लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मंइयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त जारी करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है—प्रदेश के विकास को और योजनाएं लायेंगे।
दैनिक भास्कर लिखता है— विशेष कोर्ट ने खारिज की सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट, दोबारा जांच होगी।
प्रभात खबर ने लिखा है— प्रधानमंत्री कल राज्य के 20 हजार लोगों को आवास देंगे।
दैनिक जागरण की सुर्खी है— जमशेदपुर से कल दो करोड़ नये घरों का आवंटन कार्य का शुभारंभ करेंगे पीएम।
रांची एक्सप्रेस के शब्द हैं— मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आने वाले पांच वर्षों में हर गरीब परिवार को एक लाख रुपये देने का किया वायदा।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की खबर को सुर्खी बनायी है।

**************